वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 17 नवंबर 2017

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

" बच्चों की देखभाल के कार्य में संलग्न बंगलुरु के गोपीनाथ को वर्ष 2017 का प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार "

देशभर से प्राप्त विभिन्न नामांकनों में से बंगलुरु (कर्नाटक) के एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता श्री गोपीनाथ आर. का चयन 'प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार 2017' हेतु दिया गया है। श्री गोपीनाथ आर. का चयन उनके " बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और विकास " हेतु किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा हेतु दिया जा रहा है।

यह पुरस्कार प्रा. यशवंतराव केलकर, जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप के शिल्पकार के रुप में तथा उसका विस्तार करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उनकी स्मृति में दिया जाता है। यह पुरस्कार 1991 से प्रतिवर्ष दिया जा रहा है। यह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा विद्यार्थी निधि न्यास का संयुक्त उपक्रम है, जो शिक्षा और छात्रों के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है।

श्री गोपीनाथ आर. को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 30 नवंबर से 3 दिसम्बर 2017 तक रांची (झारखंड) में आयोजित होने वाले 63 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के विशेष कार्यक्रम में दि. 2 दिसंबर 2017 को प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न समाजपयोगी काम करने वाले युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं के कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु समाज के सम्मुख लाना और ऐसे युवाओं के प्रति समुचे युवा वर्ग की कृतज्ञता प्रकट करना एवं युवाओं में ऐसे काम करने की प्रेरणा उत्पन्न करना यह इस युवा पुरस्कार का प्रयोजन है। इस पुरस्कार में नगद राशि रु. 50,000/- प्रमाणपत्र एवं स्मृतिचिन्ह समाविष्ट है।

श्री गोपीनाथ आर. जिन्हें गोपी नाम से भी पुकारा जाता है, बंगलुरु विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग से परास्नातक हैं और ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। गोपीनाथ बचपन में स्वयं बाल मजदूर और बंधुआ मजदूर रहे, बचपन के इसी संघर्ष और उसके कटु अनुभवों की वजह से उन्होंने विकट परिस्थितियों में फंसे वंचित बच्चों के सशक्तिकरण और समग्र विकास हेतु " स्पर्श ट्रस्ट" की स्थापना की, उनके व्यक्तिगत और "स्पर्श ट्रस्ट" के प्रयासों से आज 400 वंचित बच्चों की देखभाल की जा रही है। यह ट्रस्ट अभी तक 2500 से अधिक ऐसे बच्चों तक पंहुच चुका है जिनको देखभाल, सुरक्षा और विकास की आवश्यकता है। इन बच्चों की देखभाल करने हेतु करीब 40 सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्री गोपीनाथ जी के कार्य में कंधे से कधां मिलाकर सहयोग दे रहे है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नागेश ठाकुर एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनय बिदरे ने प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के प्राप्तकर्ता श्री गोपीनाथ आर. को बधाई दी और उनके भविष्य की योजनाओं हेतु शुभकामनायें दी।

(यह प्रेस विज्ञप्ति राहुल शर्मा केन्द्रीय कार्यालय मंत्री द्वारा मुम्बई से जारी की गयी है)